प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा महोत्सव पारम्परिक रीति रिवाज के साथ हुआ शुरू–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रवासी हिमाचलियों से प्रदेश के विकास में योगदान देने का किया आह्वान।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए दिसम्बर के पहले सप्ताह में नेशनल एसेस्मेंट सर्वे करवाएगी केंद्र सरकार।
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ऊना जिला के अम्ब में बहुमंजिला न्यायिक परिसर का किया उद्घाटन ।

कुल्लू दशहरा

कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा महोत्सव आज से पारम्परिक रीति रिवाज के साथ शुरू हो गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में भगवान रघुनाथ जी की भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें एक सौ से अधिक देवी–देवताओं सहित हज़ारों की संख्या में लोगों ने पारम्परिक वेशभूषा में भाग लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.

डिस्पैच :– कुल्लू के अंतर्राष्ट्रीय दशहरा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर आज ऐतिहासिक ढालपुर मैदान देव वाद्ययंत्रों की धुनों के बीच निकाली गई भगवान रघुनाथा जी की भव्य शोभा यात्रा का नज़ारा देखते ही बनता था। एक सप्ताह तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय दशहरा महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया। इस मौके पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मुख्य संसदीय सचिव सुन्दर सिंह ठाकुर और भगवान रघुनाथ जी के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग पारम्परिक वेशभूषा में मौजूद रहे। रथयात्रा में एक सौ से अधिक देवी–देवता शामिल हुए और देव वाद्ययंत्रों के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इससे पहले कुल्लू पहुंचे सैंकड़ों देवी देवताओं ने भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में हाजरी भरी और माता हिडिंबा के पहुंचने पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। यह सभी देवी देवता एक सप्ताह तक ढालपुर मैदान में ठहरेगें। दशहरा उत्सव के दौरान 25 देशों के सांस्कृतिक दल जहां अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान 19 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवाल का आयोजन होगा जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यक्रमों व उपलब्धियों को दर्शाती झांकियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू 19 अक्तूबर को मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रवासी हिमाचलियों से प्रदेश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कनाडा में हिमाचली प्रवासियों ने हर्षोल्लास से दशहरा पर्व मनाया है और वे प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि कनाडा में रह रहे हिमाचली प्रदेश के सच्चे ब्रांड एंबेस्डर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है और प्रवासी हिमाचलियों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा किए गए निवेश से हिमाचल ऊर्जा क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनेगा और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

मुकेश अग्निहोत्री

कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर तीन सौ करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जयसिंहपुर में राज्यस्तरीय दशहरा उत्सव के समापन समारोह में अपने संबोधन में बताया कि जयसिंहपुर में नए बस अड्डे और जलशक्ति विभाग के विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचरूखी में पेयजल योजना के लिए 36 करोड़ रुपए दिए गए है और सिंचाई की दो नई योजनाओं के लिए लगभग 16 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में कलां व संस्कृति के संरक्षण के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं और हिमाचली कलाकारों को उत्सवों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। इस मौके पर आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा भी मौजूद रहे।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि सांस्कृतिक संरक्षण के माध्यम से राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र के विस्तार पर बल दे रही है। उन्होंने बीती रात अर्की क्षेत्र की बातल पंचायत में दो दिवसीय दशहरा उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में अपने संबोधन में कहा कि मेले व त्यौहार सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संजय अवस्थी ने बातल में मंच निर्माण के लिए डेढ़ लाख और युवक मंडल के भवन निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने का ऐलान किया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर विकास के मामले में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नए संस्थान खोलने की बजाए कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए सैकड़ों संस्थान बदले की राजनीति से बंद कर दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर राज्य सरकार जनविरोधी निर्णय ले रही है और कर्मचारी व पैंशनर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र की मदद से चल रही है और सरकार के पास अपने संस्थान चलाने के भी पैसे नहीं है।

भाजपा

भाजपा का सक्रिय सदस्यता का अभियान 16 अक्तूबर से शूरू हो रहा है। इसे लेकर कल 14 अक्तूबर से प्रदेश के अनेक स्थानों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी भाग लेंगे। ऊना में होने वाली कार्यशाला में मीडिया विभाग के प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा मुख्य वक्ता होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत से कार्यकर्ता उत्साहित है और लोगों ने कांग्रेस के झूठ को नकार दिया है। रणधीर शर्मा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी ने पिछड़े वर्गों को बरगलाने का प्रयास किया लेकिन दलित वर्ग ने भाजपा को रिकॉर्ड समर्थन दिया है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता और प्रगति का मूल्याकंन करने के लिए दिसम्बर के पहले सप्ताह में नेशनल एसेस्मेंट सर्वे किया जाएगा। शिमला जिला के रोहडू में आज एक निजी स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने कहा कि इस सर्वे में सरकारी स्कूलों के अलावा निजी स्कूल भी भाग लेंगे। रोहित ठाकुर ने बताया कि प्रदेशभर में इस समय 40 फीसदी विद्यार्थी निजी संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और हिमाचल की गिनती देश के सर्वाधिक साक्षर राज्यों में की जाती हैं।

न्यायिक परिसर

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज ऊना जिला के अम्ब में 17 करोड़ 16 लाख रुपए से बने बहुमंजिला न्यायिक परिसर का लोकार्पण किया। इसमें 6 कोर्ट रूम, दो बार रूम, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। परिसर में आने वाले नागरिकों के लिए भी विशेष प्रबंध किए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने प्रदेश में अधिक से अधिक न्यायायिक परिसरों के निर्माण में बल दिया और कहा कि अदालत में आने वाले हर व्यक्ति के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अदालतों की कार्य प्रणाली में डिजिटल तकनीक का अधिकतम उपयोग करने को कहा। प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और अन्य न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता इस मौके मौजूद रहे।

केवल सिंह पठानिया

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य बनाने के प्रयास कर रही है और व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई वित्तीय संकट नहीं है और सरकार ने कर्मचारियों व पैंशनरों को पहली जनवरी 2023 से देय मंहगाई भत्ते की चार फीसदी किश्ते देने का ऐलान किया है जिससे एक लाख 80 हजार कर्मचारी व लगभग एक लाख 70 हजार पैंशनर लाभान्वित होंगे। पठानिया ने कहा कि इसके अलावा दीपावली के उपलक्ष्य में सभी

कर्मचारियों व पैंशनरों को अक्तूबर महीने का वेतन और पैंशन का भुगतान इसी महीने की 28 तारीख को कर दिया जाएगा।

खेलकूद

चम्बा जिला की जनजातीय पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज सम्पन्न हो गई। इसमें प्रदेश के चार एकलव्य स्कूलों के दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी ने समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

सड़कें

प्रदेश के कुल 17 हजार 8 सौ 82 गांवों में से 15 हजार 7 सौ 78 गावों को सड़क सुविधा से जोड़ दिया गया है। सरकार ने इस वित्त वर्ष में बुनियादी ढाचे को विकसित करने के लिए लगभग दो हजार दो सौ 41 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और सड़कों व पुलों के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश में इस समय 41 हजार 2 सौ 2 किलो मीटर सड़क नेटवर्क है। जिसमें 34 हजार 9 सौ 17 किलो मीटर पक्की सड़कें हैं। वर्तमान में 12 हजार 5 सौ करोड़ रुपये के निवेश से फोरलेन राजमार्ग और 68 सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है।

आपदा दिवस

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस आज समूचे विश्व में मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य विश्व में इस बारे में जागरूकता बढाना और आपदा शमन संस्कृति को बढावा देना है। इस वर्ष का विषय है ''उज्जवल भविष्य के लिए अगली पीढी को सशक्त बनाना''। यह विषय आपदा मुक्त भविष्य के लिए युवाओं की रक्षा करने और उन्हें सशक्त बनाने में शिक्षा की भूमिका को दर्शाता है। इस वर्ष शिक्षा के जरिए बच्चों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अलावा इसका उद्देश्य बच्चों को अपने परिवार और समुदाय में परिवर्तन लाने और स्वयं की रक्षा करने योग्य बनाना भी है।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा महोत्सव पारम्परिक रीति रिवाज के साथ हुआ शुरू–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रवासी हिमाचलियों से प्रदेश के विकास में योगदान देने का किया आह्वान।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए दिसम्बर के पहले सप्ताह में नेशनल एसेस्मेंट सर्वे करवाएगी केंद्र सरकार।

- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ऊना जिला के अम्ब में बहुमंजिला न्यायिक परिसर का किया उद्घाटन ।

——————————————